प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के सम्मेलन में राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर मंथन जारी है। इस सम्मेलन में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में केन्द्र राज्य समन्वय तथा साझेदारी पर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना साकार हो सके। कल से शुरू हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन में एक साझा विकास एजेंडे को लेकर मंथन हो रहा है। प्रधानमंत्री कल भी इसकी अध्यक्षता करेंगे।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर कल शाम रांची आयेंगी। श्रीमती मुर्मू 29 दिसंबर को जमशेदपुर में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति सरायकेला खरसांवा जिले के आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इसके बाद श्रीमती मुर्मू तीस दिसम्बर को गुमला में अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह – कार्तिक जतरा को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रमों को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

***************

राज्य में रोजगार का कारवां आगे बढ़ रहा है। बहुचर्चित सीजीएल परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को तीस दिसम्बर को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इस दौरान मोरहाबादी मैदान में समारोह का आयोजन होगा। इधर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिये।

***************

राज्यों के विकास के लिए केन्द्र सरकार भरपूर सहयोग कर रही है। ताजा उदाहरण है कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान और झारखंड के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 723 करोड़ रूपये से अधिक का अनुदान जारी किया है। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत यह राशि चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रदान किया गया है।

***************

भारत–पाकिस्तान 1971 युद्ध के वीर सपूत परमवीर अल्बर्ट एक्का को उनकी जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र नमन कर रहा है। उनके गृह जिला गुमला में जहां लोगों ने विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं रांची के स्थानीय अल्बर्ट एक्का चौक पर भी नमन करने वालों का तांता लगा रहा। रांची महानगर भाजपा की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वीर सपूत की 83वीं जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। श्री सेठ ने जंयती समारोह को लेकर राज्य सरकार की उदासीनता पर भी सवाल उठाये।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन–की–बात की 129वीं कड़ी के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

***************

बोकारो जिले में कुपोषित बच्चों का डाटा तैयार किया जा रहा है, ताकि समय पर उनका उपचार सुनिश्चित किया जा सके। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

***************

रांची के रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में आज से 50वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। झारखंड योग एसोसिएशन और अरविंदो सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग नौ सौ पचास योग प्रतिभागी और तकनीकी अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर तक जारी रहेगी।

***************

राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य के 12 जिलों के लिए ठंड और शीतलहर को येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों तक स्थिति इसी तरह बनी रह सकती है।

**********समाप्त**********